हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

4
बाल मधुमेह पर उन्मुखीकरण कार्यशाला



## खबर संक्षेप

### परीक्षार्थियों का हुआ स्वागत



**बैकुण्ठपुर।** पांचवीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा 16 मार्च से शुरू हो गई। पहले दिन कटगोड़ी के सांई बाबा इंग्लिस मीडियम स्कूल में परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

### सरगुजा ओलम्पिक के लिए 311 खिलाड़ी होंगे रवाना

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के खिलाड़ियों के लिए गौरव का अवसर सामने आया है। संभाग स्तरीय सरगुजा ओलम्पिक 2025-26 का आयोजन 21 से 23 मार्च तक अंबिकापुर में किया जाएगा, इसमें जिले के खिलाड़ी उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता में जिले के तीनों विकासखंडों से कुल 311 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें विकासखंड मनेन्द्रगढ़ से 152, खड़गवां से 125 एवं भरतपुर से 34 प्रतिभागी शामिल हैं। खिलाड़ियों के साथ 41 कोच, मैनेजर एवं स्टाफ भी दल में शामिल रहेंगे, जो खिलाड़ियों का मार्गदर्शन और सहयोग करेंगे। सभी खिलाड़ी 20 मार्च को स्वामी आत्मानंद विद्यालय मनेन्द्रगढ़ से दोपहर 12 बजे बस के माध्यम से अंबिकापुर के लिए रवाना होंगे।

### 27 विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड-मानक योजना के अंतर्गत जिले के 27 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह चयन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों के आधार पर किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना है। चयनित विद्यार्थियों को अपने अभिनव विचारों एवं वैज्ञानिक मॉडलों को जिला स्तरीय मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। इंस्पायर अवार्ड योजना के जिला नोडल के अनुसार, चयनित विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स को अब जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता में प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने चयनित विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों एवं संबंधित विद्यालयों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### गेहूं की फसल पक्कर तैयार बारिश हुई तो होगा नुकसान



**बैकुण्ठपुर।** मंगलवार को मौसम में बदलाव के कारण बारिश होने की संभावना रही, लेकिन इस दिन जिले के किसी भी क्षेत्र में बारिश होने की जानकारी नहीं मिली। इस दिन सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए रहे और दोपहर में भी धूप छॉव की स्थिति बनती रही। दोपहर बाद काफी देर तक आसमान में घने बादल छाए रहे, जिससे धूप का असर कम रहा। इस दौरान बादलों को देखकर ऐसा लग रहा था मानों किसी क्षेत्र में बारिश हो सकती है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में गेहूं की फसल कई क्षेत्रों में पक्कर कटाई के लिए तैयार हो गई है, वहीं कई क्षेत्रों में पकने की कगार पर है। ऐसे समय में बे मौसम बारिश होती है तो गेहूं फसल को नुकसान पहुंच सकता है। मौसम की स्थिति को देखकर किसानों की चिंता सताने लगी है कि कही बे मौसम बारिश होती है तो उनकी गेहूं की पकी फसल बर्बाद हो जाएगी।

## चैत्र नवरात्र की शुरूआत आज से, पूजन सामग्रियों की बढ़ी बिक्री

# देवी मंदिरों में उमड़ेगी आस्था की भीड़

शक्ति की भक्ति का पर्व चैत्र नवरात्र 19 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। पहले दिन देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में कलश स्थापना की जाएगी, जो मां दुर्गा का प्रतीक होता है और अंतिम दिनों तक विधि-विधान के साथ माता के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है और नवरात्र का समापन राम नवमी के दिन होगा, जो भगवान राम के जन्म का प्रतीक है। पंडितों के अनुसार इस बार चैत्र नवरात्र 19 मार्च से शुरू होगी तथा इस बार पूरे नौ दिनों तक देवी की आराधना की जाएगी। इस दौरान माता के नौ रूपों की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी। इस बार का चैत्र नवरात्र में कई शुभ संयोग बन रहे हैं, जो पूजा पाठ एवं धार्मिक कार्यो के लिए बहुत ही फलदायक माने जा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

धार्मिक मान्यता के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र प्रारंभ होता है। इस दौरान विभिन्न देवी मंदिरों में विशेष रूप से माता का श्रृंगार कर विधि-विधान के साथ माता के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। देवी मंदिरों में माता के जसगीत गूंजते रहते हैं, देवी दर्शन के लिए सुबह होने के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो जाती है।

चैत्र नवरात्र में बढ़ती गर्मी के बावजूद भक्तों में उत्साह कम नहीं रहता, तपती धूप में नंगे पांव श्रद्धालु माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में पहुंचते रहते हैं। श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती है। चैत्र नवरात्र में माता के आराधना के लिए कई दिनों पूर्व से आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई थी। आज चैत्र नवरात्र के पहले दिन शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ आदि शक्ति की पूजा-अर्चना शुरू हो जाएगी। नवरात्र पूजा को देखते हुए बाजार में दीए एवं कलश विक्रय करने वाले व्यापारी बड़ी मात्रा में शहर के बाजार में उक्त सामग्री विक्रय करते रहे, इसके अलावा पूजा के दुकान भी सज गए हैं।



खड़गवां स्थित चनवारीडांड़ महामाया मंदिर।



रमदईया धाम मंदिर।



चांग देवी मंदिर जनकपुर।

### सज धजकर तैयार देवी मंदिर

चैत्र नवरात्र को देखते हुए कोरिया एवं एमसीबी जिले के देवी मंदिर एवं आस्था केन्द्र सज धज कर तैयार हो गए हैं। देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है साथ ही आकर्षक लाईटिंग व्यवस्था भी की गई है, इससे शाम ढलने के बाद देवी मंदिर की सुंदरता बढ़ जाएगी।

### देवी मंदिरों में जलेंगे हजारों दीप

चैत्र नवरात्र की शुरूआत होने के साथ ही देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में काफी संख्या में ज्योति कलश के साथ हजारों की संख्या में मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित होंगे। एमसीबी जिले के खड़गवां के निकट ग्राम चनवारीडाड़ स्थित मॉ महामाया मंदिर में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी हजारों की संख्या में मनोकामना दीप जलाए जाएंगे, जिससे कि देवी मंदिर हजारों दीपों से जगमग होंगे।



बिक्री के लिए रखे मिट्टी के दिये।

## 801 मीटर लंबी भव्य चुनरी यात्रा 22 को, तैयारियां जोरों पर

**मनेन्द्रगढ़।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में 801 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य धार्मिक यात्रा 22 मार्च रविवार को दोपहर 3 बजे काली मंदिर नदी के पास, वार्ड क्रमांक 19 से प्रारंभ होगी। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः काली मंदिर में पहुंचकर संपन्न होगी। आयोजन काली मंदिर सेवा समिति, वार्ड नंबर 19 द्वारा किया जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह चुनरी यात्रा प्रतिवर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित की जाती है, इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। इस बार 801 मीटर लंबी चुनरी विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी, जिसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भक्ति गीत, जयकारे और धार्मिक वातावरण देखने को मिलेगा। श्रद्धालु सिर पर चुनरी धारण कर चलेंगे और मां के जयकारों से नगर गूंज उठेगा। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है, ताकि इस आयोजन को और भी भव्य बनाया जा सके। साथ ही, इच्छुक श्रद्धालुओं से सहयोग राशि देने का भी आग्रह किया गया है, इसके लिए डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और श्रद्धालु बेसब्री से इस पावन यात्रा का इंतजार कर रहे हैं।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन








हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रांतीय छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन 132 संगठनों के आह्वान पर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में बुधवार की शाम कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारी एवं अधिकारी शाम 4 बजे निर्धारित स्थान पर एकत्रित हुए और शासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर मोदी गारंटी लागू करो, हमारी मांगे पूरी करो, कर्मचारी एकता जिंदाबाद जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर फेडरेशन के संभागीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ददा एवं

- **बैकुंठपुर में कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन, चेतावनी-मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन होगा तेज**

संयोजक डॉ. आरएस चंदे ने बताया कि कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई भत्ते की लंबित किश्तों का भुगतान, वेतन विसंगति का निराकरण, पदोन्नति संबंधी समस्याओं का समाधान, अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण तथा नियमित भर्ती अभियान सहित कई महत्वपूर्ण मांगे लंबे समय से लंबित हैं, जिन पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। प्रदर्शन के पश्चात फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर कोरिया को सौंपा और मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को ⏭ शेष पेज 4 पर

### सीएम के नाम कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन एमसीबी द्वारा शासकीय सेवकों की लंबित मांगों के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छग शासन के नाम डिप्टी कलेक्टर इंद्रा मिश्रा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन जिला स्तर पर कलेक्टर एमसीबी तथा विकासखंड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से प्रेषित किया गया। फेडरेशन द्वारा यह कार्यक्रम भोजन अवकाश के दौरान शांतिपूर्वक आयोजित किया गया, ताकि शासकीय कार्य प्रभावित न हो। कर्मचारियों ने अनुशासन और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए अपनी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाया। इस पहल को कर्मचारियों के संयमित और संगठित प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। जिला सह संयोजक गोपाल प्रसाद बुनकर ने बताया कि फेडरेशन द्वारा पूर्व में भी कई बार शासन का ध्यान इन मांगों की ओर आकर्षित किया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों में अपनी समस्याओं \को लेकर निराशा बढ़ रही है, ऐसे में शासन को जल्द निर्णय लेना चाहिए। प्रांतीय कार्यालयीन सचिव दीपक कुमार साहू ने जानकारी दी कि प्रमुख मांगों में महंगाई भत्ता, एरियर्स का भुगतान, समयमान वेतनमान की स्वीकृति, अर्जित अवकाश, नगदीकरण तथा संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी मांगे लंबे समय से लंबित हैं और कर्मचारियों के हित में इनका शीघ्र निराकरण आवश्यक है। फेडरेशन ने शासन से अपेक्षा जताई है कि कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी काफी उपस्थित रहे।



### शहर में निकली हिन्दू शोभायात्रा यात्रा

बिजुरी। नगर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित राजीव रतन क्रीड़ांगन में आयोजित दिव्य दरबार कार्यक्रम के तहत संत डॉ. प्रेमासाईं महाराज के नेतृत्व में नगर में भव्य हिन्दू शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरूआत सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय से हुई, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल सहित काफी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शोभायात्रा में युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ यात्रा में सहभागिता निभाई, इससे नगर का वातावरण धार्मिक रंग में रंगा नजर आया। यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान संत डॉ. प्रेम साईं महाराज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सनातन धर्म की महान परंपराओं, संस्कारों और आध्यात्मिक मूल्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## खदानों के बंद होने से विकास ठप, मूलभूत सुविधाओं का संकट गहराया

**डोमनहिल।** एमसीबी जिले के डोमनहिल-चिरमिरी क्षेत्र में कोयला खदानों पर आधारित अर्थव्यवस्था आज गंभीर संकट से गुजर रही है। कभी एसईसीएल द्वारा संचालित खदानों के कारण विकसित हुआ यह क्षेत्र अब खदानों के बंद होने से पिछड़ता जा रहा है। परिणामस्वरूप क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ी है और बड़े पैमाने पर पलायन की स्थिति बन गई है।

जिले का नाम भले ही मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर रखा गया हो, लेकिन विकास के लिहाज से चिरमिरी में अब तक कोई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय स्थापित नहीं किया गया है, इससे स्थानीय लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। क्षेत्र में बिजली, पानी, साफ-सफाई, शिक्षा और सड़कों की स्थिति बेहद खराब है। अधिकांश इलाकों में एसईसीएल द्वारा बिजली आपूर्ति की जाती है, जो बार-बार बाधित होती रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक (सीजी विद्युत मंडल) की नियमित आपूर्ति नहीं होगी, समस्या बनी रहेगी। क्षेत्र के कई हिस्सों में पीएचई की पाइपलाइन नहीं ⏭ शेष पेज 4 पर

## 100 से लेकर 200 तक उपलब्ध हैं मटका

# गर्मी के तेवर बढ़े, एमपी से आए मटका विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सूरज के बढ़ते तल्ख तेवरों के साथ शीतल जल से कंड की प्यास बुझाने के लिए देशी फ्रीज यानी मिट्टी के मटके व सुराही लेकर चंदिया मप्र के व्यापारी बड़ी मात्रा में मटके लेकर शहर पहुंच कर अपनी दुकाने सजा दी है।

प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी पड़ोसी राज्य मप्र के उमरिया जिले के चंदिया के व्यापारी काफी संख्या में मटका, सुराही, मिट्टी के बॉटल, सहित अन्य उत्पाद लेकर बैकुंठपुर शहर पहुंच कर मुख्य मार्ग किनारे अपनी दुकाने सजा दी है, जहां खरीदी करने के लिए लोग जुटने लगे हैं। चंदिया से आए व्यापारियों का कहना है कि चंदिया की खास मिट्टी और बालू के मिश्रण से तयार किए गए



मटकों, सुराही की मांग इस क्षेत्र में ज्यादा रहती है। इन मटकों की खासियत यह है कि इनमें बारिक छेद होते हैं, जिससे पानी धीरे-धीरे रिसते रहता है और वाष्पीकरण के कारण पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा बना रहता है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष मप्र के उमरिया जिले के चंदिया के व्यापारी काफी मात्रा में मिट्टी के मटके, सुराही व अन्य सामग्री लेकर बैकुंठपुर शहर पहुंचते हैं और पूरी गर्मी यहां व्यवसाय करने के बाद बरसात शुरू होने के पूर्व ही यहां से निकल जाते हैं। शहर में आए चंदिया के व्यापारियों को उम्मीद है कि इस वर्ष भी उनका अच्छा व्यवसाय होगा। फिलहाल गर्मी जैसे-जैसे तेज होगी, वैसे वैसे मिट्टी के मटके सुराही की मांग भी बढ़ने लगेगी।

### मटका सुराही सहित अन्य उत्पाद

चंदिया मप्र से आए व्यापारियों के पास विभिन्न तरह के मिट्टी के उत्पाद मौजूद हैं, इनमें बड़ी मात्रा में सुराही, मटके, कडाही, जग सहित अन्य तरह के उत्पाद विक्रय के लिए रखे गए हैं। व्यापारियों से मिली जानकारी के अनुसार उनके पास सुराही 120 रूपए, मटका 150 से 170 रूपए, नल लगा मटका 220 रूपए में विक्रय की जा रही है, इसके अलावा इन व्यापारियों के पास मिट्टी के बॉटल सहित अन्य तरह के उपयोगी उत्पाद विक्रय के लिए रखे गए हैं।

### देशी फ्रीज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक

गर्मी में लोगों को गला तर करने के लिए ठंडे पानी की आवश्यकता होगी है। इस मौसम में ज्यादातर लोग शीतलता के लिए फ्रीज में रखे पानी का उपयोग करते हैं, जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित होता है। वहीं दूसरी ओर मिट्टी के मटके जिसे देशी फ्रीज की संज्ञा दी गई है। मटका का पानी पीने से हमें किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि स्वास्थ्य लाभ ही होता है। यही कारण है कि गर्मी के दिनों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग मिट्टी के घडे का ही शीतल जल को पीने का उपयोग करते हैं।

## अवकाश के दिनों में खुला रहेगा पंजीयन कार्यालय

**बैकुण्ठपुर।** कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, छग द्वारा राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन को देखते हुए मार्च माह में पंजीयन कार्यों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खुले रखने का निर्णय लिया गया है। जारी निर्देश के अनुसार नागरिकों की सुविधा एवं अधिकतम राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने के लिए 22 मार्च चतुर्थ रविवार, 28 मार्च अंतिम शनिवार, 29 मार्च अंतिम रविवार एवं 31 मार्च 2026 महावीर जयंती को भी पंजीयन कार्यालयों में कार्य किया जाएगा। महानिरीक्षक पंजीयन ने सभी जिला पंजीयकों को निर्देशित किया है कि इन अवकाश दिवसों में अधीनस्थ उप-पंजीयक कार्यालयों में नियमानुसार दस्तावेजों का पंजीयन कार्य जारी रखा जाए। साथ ही आम नागरिकों को इस व्यवस्था की जानकारी देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित किया जाए, इसके अतिरिक्त कोषालय अधिकारियों एवं भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि 31 मार्च तक शासकीय लेन-देन सुचारू रूप से जारी रखें, ताकि पंजीयन कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। उक्त निर्णय से जहां एक ओर नागरिकों को सुविधा मिलेगी, वहीं राज्य के राजस्व संग्रहण में भी वृद्धि होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप



### भाजपा अजजा मोर्चा के नेतृत्व में आदिवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नेतृत्व में लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत नरकालों और चोड़ेया के आदिवासी समाज के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। भाजपा अजजा मोर्चा ने भोलेभाले आदिवासियों की पुश्तैनी भूमि पर विशेष समुदाय के बाहरी लोगों द्वारा अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे भाजपा अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिंदेश्वरी लाल पैकरा ने बताया कि नरकालों व चोड़ेया के अनुसूचित जनजाति के लोग कई पीढ़ियों से अपनी पुश्तैनी भूमि पर निवासरत हैं। यह क्षेत्र पांचवी अनुसूची क्षेत्र में हैं, जहां आदिवासी भूमि की सुरक्षा हेतु विशेष संवैधानिक एवं कानूनी प्रावधान लागू हैं। परंतु कुछ वर्षों से बिहार एवं अन्य राज्यों से आए विशेष समुदाय के लोगों द्वारा गांव के आदिवासी भूमि पर जबरन मकान निर्माण किया गया है। नरकालो निवासी बदलू पिता प्रधान की राजाकोट में 1 एकड़ भूमि है जिस पर कुरैशा और हुसैन ने कब्जा कर लिया है। इसी प्रकार गिरीश पिता घुरऊ की 87 डिसमिल भूमि पर नसरूद्दीन, बसंती पति शिव कंवर की 1.5 एकड़ भूमि पर जलालुद्दीन एवं नसरूद्दीन, घूरऊ पिता दशरथ कंवर की 1.5 एकड़ भूमि पर मोहमुद्दीन, ग्राम चोड़ेया निवासी शांति पिता अमरूष मझवार की 3 एकड़ भूमि पर फिरदौस तथा जेठू पिता काशी बारगाह की 4 एकड़ भूमि पर हुसैन ने जबरिया कब्जा कर लिया है। आदिवासी समाज के लोगों द्वारा इसका विरोध करने पर डराया धमकाया जाता है। पीड़ित ग्रामीणों ने अवैध कब्जे को तत्काल हटाने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान मोर्चा के उपाध्यक्ष डॉ.शिवमंगल सिंह, राजेंद्र पैकरा, तेजबल राम नागेश, जितेंद्र कुजूर, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### 9वीं और 11वीं की परीक्षा की पाली बदलने की मांग एनएसयूआई ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** 23 मार्च से आयोजित कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा दोपहर की पाली में संचालित करने को आदेश प्रस्तावित किया गया है। एनएसयूआई के जिला सचिव गोल्डी खान के नेतृत्व में एसडीएम एवं बीईओ को ज्ञापन सौंप दोपहर की पाली को बदलने की मांग की है।



एनएसयूआई ने ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया कि प्रतापपुर सहित जिले में इन दिनों अत्यधिक गर्मी पड़ रही है। ऐसे समय में 9वीं और 11वीं की परीक्षा दोपहर की पाली में आयोजित किए जाने से विद्यार्थियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। गर्मी और तेज धूप के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है जिससे अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में व्यापक असंतोष है। दोपहर के समय तापमान अधिक होने के कारण दूर दराज से आने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में पहुंचने में भी काफी परेशानी होगी। इस स्थिति में विद्यार्थियों को शारीरिक थकान असुविधा तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में परीक्षा की तैयारी एवं प्रदर्शन भी प्रभावित हो सकता है। गोल्डी खान ने अधिकारियों को अवगत कराया कि प्रतापपुर विकासखंड हाथी प्रभावित क्षेत्र है जिसके कारण विद्यार्थियों की आवागमन संबंधित सुरक्षा एक गम्भीर विषय है दोपहर पाली में आयोजित परीक्षा के समाप्ति के पश्चात शाम के समय में विद्यार्थियों की आवाजाही जोखिमपूर्ण हो सकती है। एनएसयूआई जिला सचिव गोल्डी खान ने विद्यार्थियों के हित एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा 9वीं एवं 11वीं की परीक्षाएं को दोपहर की पाली के स्थान पर सुबह कि पाली में आयोजित करने करने की मांग की है। इस दौरान एनएसयूआई नगर अध्यक्ष रिजवान, राजा, शिवमंगल सिंह, कृष, राजकुमार, देवकुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गौरव पथ निर्माण के लिए मिली 5.50 करोड़ की स्वीकृति

लखनपुर। नगर पंचायत के बहुप्रतीक्षित गौरव पथ निर्माण के लिए शासन द्वारा 5.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सड़क ग्राम कोसगा सीमा से लेकर लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक बनाई जाएगी। नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू की मांग पर कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल के प्रयासों से इस परियोजना को मंजूरी मिली। इसके अलावा चूल्हट नाला में दो स्टॉप डेम निर्माण के लिए भी 33 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## विवि के शैक्षिक एवं प्रशासनिक भवन वर्षों से अधूरे

# वर्षों की मशक्कत के बाद एसजीजीयू को मिली 25 नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सालों की मशक्कत के बाद शासन ने संत गहिरा गुरू विवि को शैक्षिक गतिविधियों में विस्तार के लिए 25 नए विषयों की कक्षाएं प्रारंभ करने की अनुमति दे दी हैं लेकिन भवन के अभाव में विवि प्रबंधन के लिए शैक्षणिक विभागों का विस्तार किसी चुनौती से कम नहीं हैं।

**खास बात**
- नए सत्र से पाठ्यक्रमों का संचालन बनी चुनौती

वर्ष 2008 में तत्कालीन सरगुजा विवि की स्थापना होने के बाद प्रबंधन द्वारा वर्ष 2008 में शैक्षणिक विभागों का संचालन प्रारंभ किया गया था। गुरूघासी दास विवि द्वारा शैक्षणिक विभाग अंतर्गत संचालित फार्मेसी विभाग के साथ ही प्रयोजन मूलक हिन्दी, लॉ, फार्म एण्ड फॉरेस्ट्री, कम्प्यूटर साइंस, बायोटेक्नॉलाजी पर्यावरण आदि विभागों का संचालन प्रारंभ किया गया। तब भवन के नाम पर विवि के पास प्रशासनिक कार्यालय संचालन के लिए मात्र एक पुराना शासकीय भवन उपलब्ध था। यूटीडी के विभागों के लिए प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के पास निर्मित शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल मणिपुर का भवन उपलब्ध कराया गया। इसके पूर्व भवन के अभाव में कई बार विभागों का संचालन अलग-अलग शासकीय भवनों में भी किया गया। यूटीडी के वर्तमान भवन में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण कक्षाओं के संचालन में अन्यान्य समस्याएं भी हो रही हैं। इधर शैक्षिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विवि के अधिकारी लम्बे समय से नए शैक्षिक विभाग खोलने की योजनाएं बना रहे थे साथ ही शासन को प्रस्ताव भी भेज रहे थे लेकिन स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। कुछ दिनों पूर्व ही उच्च शिक्षा विभाग ने 25 नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति प्रदान की है साथ ही इन विभागों के लिए सेटअप की भी स्वीकृति प्रदान की है। विवि के पास सबसे बड़ी समस्या भवन की है। वर्ष 2017-18 से विवि के भकुरा परिसर में प्रशासनिक कार्यालय सहित अन्य आवश्यक भवनों एवं आवासीय भवनों की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिनका निर्माण अब तक पूरा नहीं हो पाया है। विवि प्रबंधन को शासन द्वारा बजट में भवन निर्माण के लिए राशि मिलने की उम्मीद थी जो पूरी नहीं हो सकी। अधूरे भवनों का निर्माण कब तक पूरा होगा इसका भी कोई भरोसा नहीं है ऐसे में आगामी सत्र से नए विभागों का संचालन करना विवि प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि अधिकारी नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति मिलने के बाद से ही विकल्पों को तलाशने में जुटे हैं।



आधी-अधूरी एकडमिक बिल्डिंग।

### इन विषयों पर जोर

शासन द्वारा स्वीकृत नए पाठ्यक्रमों में पारंपरिक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के विषय अधिक हैं। शैक्षणिक गतिविधियों से ही किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान बनती है इसलिए विवि प्रबंधन कुछ खास रोजगार एवं शोधपरक पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने पर जोर दे रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में विवि के लिए एक साथ सभी 25 शैक्षिक विभागों का संचालन प्रारम्भ करना संभव नहीं है। ऐसे में प्रबंधन उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आगामी सत्र से कुछ पाठ्यक्रमों का संचालन प्रारंभ कर सकता है। विवि शोधपरक आर्यावर्त हिन्दू संस्कृति, पर्यटन एवं रोजगारपरक रूरल टेक्नोलॉजी, होटल मैनेजमेंट, बिजनेस मैनेजमेंट, लाइब्रेरी साइंस एवं फिजिकल एजुकेशन जैसे पाठ्यक्रम शुरू करने पर जोर दे रहा है विवि द्वारा इन्टीग्रेटेड पाठ्यक्रम एवं स्व वित्तीय मद से भी नए विषयों की पढ़ाई शुरू करने की योजना बनाई जा रही है।

**50 लाख की स्वीकृति**

शासन द्वारा नए पाठ्यक्रमों के लिए शैक्षिक एवं अशैक्षिक पदों के सेटअप की स्वीकृति प्रदान की गई है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नए पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए 50 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। नए शैक्षिक विभागों के संचालन से विवि को भारी भरकम राशि खर्च करनी पड़ेगी जिससे वित्तीय दबाव भी बढ़ेगा। विवि प्रबंधन ने प्रारम्भ में अतिथि व्याख्याताओं के माध्यम से नए पाठ्यक्रमों का संचालन करने का निर्णय लिया है।

**की जाएगी शासकीय भवन की मांग**

वर्तमान में विवि के पास भवन की समस्या है। नए पाठ्यक्रमों के लिए प्रशासन से शासकीय भवन उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी। अन्य विकल्पों पर विचार-विमर्श चल रहा है।

-प्रो.राजेन्द्र लाकपाले
कुलपति, एसजीजीयू



## पीएम राहत : सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में भी अब शासन की महत्वपूर्ण योजना सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को डेढ़ लाख रुपए तक का उपचार की सुविधा प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सीएमएचओ डॉ. कपील देव पैंकरा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिले के समस्त शासकीय पंजीकृत अस्पतालों के लिए एक दिवसीय समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को मिलेगा डेढ़ लाख रुपए तक का नि:शुल्क उपचार

साथ ही 16 मार्च को योजना के संबंध शासकीय एवं निजी पंजीकृत अस्पतालों में योजना के संबंध में रायपुर से ऑनलाइन वीसी के माध्यम से योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि पीएम राहत योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डन आवर के दौरान त्वरित उपचार तथा अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में अधिकतम 7 दिवस तक अथवा 1.50 लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति का उपचार राज्य के मान्यता प्राप्त शासकीय एवं निजी अस्पतालों में किया जा सकेगा तथा लाभार्थी अथवा उसके परिजन से किसी प्रकार की राशि नहीं ली जाएगी। कार्यशाला के दौरान राज्य से डीआरएम तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थित में जिला से जिला नोड़ल एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक उपस्थित रहे। शासकीय एवं निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को योजना के प्रमुख प्रावधानों, उपचार प्रक्रिया, क्लेम सबमिशन, डीएआर, आईटी पोर्टल में पंजीयन तथा संचालन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि अस्पतालों द्वारा दुर्घटना पीड़ति का त्वरित पंजीयन पोर्टल पर किया जाएगा तथा आवश्यक दस्तावेज एवं उपचार विवरण समय पर अपलोड किए जाएंगे।

## ग्राम कोटबहरा स्थित किसानों की फसल बोरवेल को हाथियों के दल ने पहुंचाई क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत कल्याणपुर अंतर्गत कोटबहरा गांव में सोमवार की शाम पहुंचे पांच सदस्यीय हाथियों के दल ने रात में दो ग्रामीणों के बोरवेल को क्षतिग्रस्त करने के अलावा फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के आबादी क्षेत्र समीप डटे रहने से स्थानीय ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की शाम पांच सदस्यीय हाथियों का दल बलरामपुर जिला के सरहद से ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कोटबहरा गांव में पहुंचे थे।

- ग्रामीण में भय व्याप्त

हाथियों के दल ने रात कोटबहरा निवासी ईश्वर सिंह व जीतू राम के बोरवेल को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त करके गेहूं,गन्ना,गर्मी सीजन के धान फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है,हाथियों का दल मंगलवार की शाम तक कोटबहरा के जंगल में रहने के बाद रात को पुनः रिहायशी इलाके की तरफ निकले,हाथियों के क्षेत्र में विचरण करने से डरे सहमे ग्रामीण रतजगा करने विवश हैं,हाथियों के क्षेत्र में विचरण करने पर वन विभाग की टीम ग्रामीणों के साथ डटी हुई है और लोगों को समझाइश देते हुए हाथियों को जंगल की ओर वापस लौटाने का प्रयास कर रही है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ समय से इन इलाकों में हाथियों की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं, जिसके कारण सीमावर्ती गांवों के लोग हमेशा सतर्क रहते हैं। कोटबहरा के आसपास घने जंगल और खेत होने के कारण हाथियों का दल अक्सर भोजन की तलाश में गांवों की ओर रुख कर लेता है। यही वजह है कि ग्रामीणों में हर बार हाथियों के आने की खबर से भय और चिंता का माहौल बन जाता है। कुछ महीने पूर्व भी हाथियों का दल इस इलाके में पहुंचा था। उस समय भी हाथियों ने गांव में जमकर उत्पात मचाते हुए करीब एक दर्जन मकानों को क्षतिग्रस्त कर खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया था। बता दें कि उस समय ग्रामीणों के घरों की क्षति का निरीक्षण करने भटगांव विधायक व केबिनेट मंत्री पहुंची थीं और गांव में हाई मास्ट लाइट लगवाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया था।



**डीएफओ के निर्देश पर निगरानी गठित**

पांच सदस्यीय हाथियों के दल के कल्याणपुर कोटबहरा क्षेत्र में पहुंचने पर डीएफओ के निर्देश पर हाथियों को खदेड़ने व निगरानी हेतु टीम का गठन किया गया है। जिसमें वन विभाग के देव कुमार के अलावा अखिलेश प्रधान, यशवंत सिंह, दुष्यंत सिंह, मोहन सिंह को शामिल किया गया है। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर सिंह भी सक्रिय हैं।

## एसयूवी वाहन से गांजा तस्करी के मामले में फरार चल रहे दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लटोरी पुलिस ने गांजा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो ओडिशा से मादक पदार्थ लाकर छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में खपाने की फिराक में था। इस पूरे मामले में जहां पहले तीन तस्कर गिरफ्तार किए गए थे, वहीं इसी मामले में पुलिस को चकमा देकर फरार हुए दो आरोपीयों को भी 11 दिन बाद पुलिस ने पकड़ लिया है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि गत दिनों 6 मार्च को जब लटोरी पुलिस टीम अंबिकापुर–बनारस हाईवे पर स्थित देशी ढाबे के सामने वाहन चेकिंग कर रही थी, तभी अंबिकापुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही एक सफारी वाहन क्रमांक सीजी 15 ईजी 4455 को रोककर तलाशी ली गई,जैसे ही पुलिस को वाहन में संदिग्ध सामान होने का अंदेशा हुआ, उसी दौरान उसमें सवार दो युवक अचानक दरवाजा खोलकर कूद पड़े और खेतों की ओर भाग निकले,पुलिस ने उनका पीछा किया, लेकिन दो युवक छिपकर भागने में सफल हो गए थे,इस दौरान वाहन की तलाशी में पुलिस को दो झोलों में छिपाकर रखे गए 8 पैकेटों में करीब 9 किलो गांजा बरामद हुआ था,इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन में सवार जीवधन पैकरा, सुरेंद्र कुमार लास्कर और ललित यादव को गिरफ्तार कर तीनों को सूरजपुर न्यायालय में पेश किया था,फरार आरोपियों क्रमशः महेश कुमार यादव और परमेश्वर देवांगन की तलाश के लिए पुलिस ने अभियान चलाया।

आरोपी इतने शातिर थे कि अपने मोबाइल फोन बंद कर बार-बार ठिकाना बदलते रहे,करीब 11 दिनों की तलाश के बाद मंगलवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी अपने-अपने घर लौट आए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम दो अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर कार्रवाई की और दोनों आरोपी महेश कुमार यादव पिता रामरतन यादव 30 वर्ष निवासी बरौधी भटगांव व परमेश्वर देवांगन पिता रामधारी 24 वर्ष निवासी सोनगरा पीपरपारा को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे पहले से गिरफ्तार हो चुके अपने साथियों के साथ मिलकर ओडिशा के सोनपुर क्षेत्र से एक स्थानीय सप्लायर से गांजा खरीदते थे और उसे छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में बेचने के लिए यहाँ लाते थे। इस खुलासे के बाद पुलिस अब इस अंतरराज्यीय नेटवर्क के अन्य सदस्यों और सप्लायर तक पहुंचने के प्रयास में जुट गई है,इस कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण गुप्ता के नेतृत्व में आरक्षक विकास मिश्रा, संतोष जायसवाल सक्रिय रहे।

### जामा मस्जिद में हुआ मिलाद शरीफ

**लखनपुर।** जामा मस्जिद में माह-ए-रमजान के मुबारक मौके पर तरावीह की नमाज़ में कुरान शरीफ मुकम्मल होने पर मिलाद शरीफ का आयोजित किया गया। इस अवसर पर तरावीह में कुरान-ए-पाक मुकम्मल सुनाने वाले हाफिज साहब का फूल माला पहनाकर और दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया गया तथा नजराना-ए-अकीदत पेश किया गया। मस्जिद कमेटी की ओर से हाफिज साहब को एक लाख एक हजार सात सौ छियासी रुपये का चेक भी भेंट किया गया। जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में मौजूद तमाम लोगों ने हाफिज साहब की खिदमत और मेहनत की सराहना की तथा उनके लिए दिल से दुआएं कीं। मस्जिद कमेटी की ओर से कहा गया कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल दीन की मोहब्बत बढ़ती है, बल्कि समाज में भाईचारा, इत्तेहाद और अमन को भी मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में अंजुमन गौसिया कमेटी के सदर, खजांची, कमेटी के सदस्य और मुस्लिम समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## चिरई घाट में भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार की मौत, स्कॉर्पियो चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

क्षेत्र के चिरई घाट पर बाइक व स्कॉर्पियो में आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक व स्कॉर्पियो की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए जबकि बाइक सवार की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। इधर पिकअप सवार मौके पर ही वाहन छोड़ कर फरार हो गए। मंगलवार को चिरई घाट पर हुए भीषण हादसे से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मानपुर निवासी राजेन्द्र दमिया आ. स्व. बीरू दमिया (45 वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 15 सीसी 4932 से ग्राम उदरसई से मानपुर लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार शंकरगढ़ क्षेत्र स्थित चिरई घाट के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 12 एएच 9824 से आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए जबकि बाइक सवार सड़क किनारे जा गिरा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।। इधर घटना के बाद स्कार्पियो सवार मौके पर ही वाहन को छोड़ फरार हो गए। घटना को देख राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरगढ़ पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना कारित वाहनों को जब्त कर स्कार्पियो सवार की तलाश शुरू कर दी है।



## मवेशियों से भरा पिकअप पलटा, 6 मवेशी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

रात में गश्त कर रहे वन अमले की टीम को देख भाग रहा पिकअप चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे मवेशी से भरा पिकअप सड़क किनारे पलट गई। हालांकि किसी मवेशी की मौत नहीं हुई वहीं वाहन में सवार लोग मवेशी और पिकअप को मौके पर ही छोड़ फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम बीती रात क्षेत्र में गश्त करने के साथ चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक पिकअप में 6 मवेशी लदे हुए दिखाई दिए। टीम को देखते ही चालक वाहन को तेज गति से चलाते हुए भागने लगा। कुछ दूरी पर मोड़ के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद पिकअप में सवार सभी लोग मौके से फरार हो गए। वन विभाग एवं पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच कर मवेशियों को अपने कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पिकअप को डीपाडीह चौकी में खड़ी कर दी है। फिलहाल फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।



# प्रेमनगर में इको टूरिज्म पर पांच दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

शासकीय नवीन महाविद्यालय के प्रांगण में प्रकृति संरक्षण, पर्यटन विकास और युवा जागरूकता का वातावरण देखने को मिला। राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान रूसा अंतर्गत इको टूरिज्म विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला 16 से 20 मार्च तक आयोजित की जा रही है, जिसमें छात्र-छात्राओं को इको टूरिज्म की अवधारणा, उसके महत्व तथा उससे जुड़े अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

- युवाओं को मिला प्रकृति संरक्षण और पर्यटन के नए अवसरों का संदेश

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने की। इस अवसर पर राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजकमल मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में मुहिम फाउंडेशन के संचालक ऋषिकेश ठाकुर ने इको टूरिज्म पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। रेखा जायसवाल ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में इको टूरिज्म केवल पर्यटन का एक रूप नहीं, बल्कि प्रकृति के संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित होगी तथा वे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ पर्यटन के माध्यम से क्षेत्रीय विकास में अपनी भूमिका समझ सकेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजकमल मिश्रा ने कहा कि आज पर्यटन विश्व स्तर पर तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। पर्यटन किसी भी क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे होटल, परिवहन, व्यापार और स्थानीय हस्तशिल्प जैसे अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार यादव ने प्रेमनगर क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन संभावनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास कई ऐसे दर्शनीय स्थल और प्राकृतिक पर्यटन क्षेत्र मौजूद हैं, जिनकी जानकारी अभी व्यापक स्तर पर लोगों तक नहीं पहुंच पाई है। यदि हम सभी मिलकर इन स्थलों का प्रचार-प्रसार करें तो यह क्षेत्र भी पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना सकता है। मुख्य वक्ता ऋषिकेश ठाकुर ने छत्तीसगढ़ में इको टूरिज्म की संभावनाओं और चुनौतियों पर केंद्रित एक विस्तृत और प्रेरणादायी व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि इको टूरिज्म का मूल उद्देश्य केवल पर्यटन करना नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संरक्षण की भावना के साथ यात्रा करना है।



### श्रमिक नेता से दो लाख की ऑनलाइन ठगी, पुलिस ने किया अपराध दर्ज


बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर स्थित बीएमएस यूनियन के श्रमिक नेता के साथ सप्ताह भर पूर्व यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से करीब 1 लाख 94 हजार रुपए की हुई ऑनलाइन ठगी मामले में मंगलवार को पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल आवासीय 1 सी कॉलोनी क्वार्टर नंबर 42 निवासी महेश कुमार गुप्ता पिता स्व. दयाचंद गुप्ता जो एसईसीएल में कार्यरत हैं एवं भारतीय मजदूर संघ के सक्रिय सदस्य भी हैं, के भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिश्रामपुर के खाते से सप्ताह भर पूर्व दो दिनों में अलग अलग कर कई किश्तों में साइबर ठगों ने रकम ट्रांसफर कर ली, पुरे मामले में पीड़ित को इस बात की भनक तक नहीं लगी और साइबर ठग बड़ी चालाकी से अपना काम कर गए।मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित ने शीघ्र जाकर थाना बिश्रामपुर में लिखित आवेदन दिया और साथ ही एनसीआरबी पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई,पुलिस ने मंगलवार को मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) एवं 66 डी के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।



## द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।

लाइफ Style



# तमन्ना

## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

हॉलीवुड मसाला



## ड्यून-3 की मिली पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून'के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।



## ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रिंयका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोढ़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



## फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



## तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

टीवी मसाला



## '24' सीजन 3 में अनिल फिर बनेंगे आईटीयू चीफ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर जहां एक ओर 'सूबेदार' में अपने एंग्री ओल्ड मैन वाले अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं, उन्होंने एक्स पर कंफर्म किया है कि 10 साल बाद वह एक बार फिर से '24' सीजन 3 में जय सिंह राठौड़ बनकर लौट रहे हैं। एक फैन के 'सूबेदार' से जुड़े पोस्ट पर उन्होंने यह पुष्टि की है। 24, इसी नाम की अमेरिकी सीरीज का देसी रीमेक है, जिसका पहला सीजन 2013 में और फिर दूसरा सीजन 2016 में ऑन-एयर हुआ था। शो में अनिल कपूर का किरदार जय सिंह राठौड़, आईटीयू का चीफ है, जो अपने परिवार और देश को एक आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए समय के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है। दोनों सीजन में जय के पास केस को सुलझाने और दुश्मनों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का वक्त रहता है। सीजन-3 की कहानी भी इसी तरह के प्लॉट पर आगे बढ़ेगी। अभिनय देव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में साक्षी तंवर ने जय की बॉस मल्लिका सेन, सुरवीन चावला ने उनकी प्रेमिका माया और सिकंदर खेर ने हारून शेरचान की भूमिका निभाई थी। नील भूपालम ने आदित्य सिंघानिया का किरदार निभाया, जो देश के प्रधानमंत्री का था। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि सीजन-3 में इनमें से कितने किरदार पर्दे पर वापसी करेंगे। '24' सीजन 2 की कहानी में जय, एक आतंकवादी मास्टरमाइंड रोशन शेरचन (आशीष विद्यार्थी) और उसकी साथी शिवानी मलिक (साक्षी तंवर) को गिरफ्तार करवा लेता है।

## दुल्हन बनीं कृतिका को देख रो पड़े गौरव

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी का बेहद प्यारा वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में है। कृतिका ने जब दुल्हन बन साड़ी में पापा संग एंट्री की, तो गौरव रो पड़े। उन्हें देख कृतिका हैरान रह गईं। वीडियो में कृतिका और गौरव की शादी की रस्मों और वरमाला की भी झलक है। शादी के बाद जहां कृतिका और गौरव ने तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीता, वहीं पपाराजी को मिठाइयां भी बांटी थीं। सोशल मीडिया अभी भी कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी की तस्वीरों-वीडियो से पटा पड़ा है। इसी बीच न्यूली वेड कपल ने शादी का बेहद प्यारा और इमोशनल वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव कपूर दुल्हन बनीं कृतिका को देख रोते नजर आए। शेयर किए गए वेडिंग वीडियो में उन खास पलों और रस्मों की झलक दिखाई गई है, जो कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी में हुईं।



## सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है।





गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

## आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली



पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।

### पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

## इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में कोई ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया :** दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी :** टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन हैं। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी :** मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**फ्यूरीज सीजन 2 :** वेब सीरीज 'फ्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक :** वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन :** 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

### द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

***इंपरफेक्ट वुमन :*** *'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

***रेडियोएक्टिव इमरजेंसी :*** *'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील में हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

***अमोर एनिमल :*** *वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना गिलकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*

## खबर संक्षेप

### भाजपा में दो मंडल महामंत्री नियुक्त




**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को कोरिया जिले के सोनहत एवं सलका मंडल में रिक्त चल रहे मंडल महामंत्री पदों पर नियुक्ति की गई है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार सोनहत मंडल में बालकृष्ण देवांगन तथा सलका मंडल में बसंत पाल को मंडल महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति पत्र भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा प्रदान किया गया। दोनों ही कार्यकर्ता अपनी ऊर्जावान कार्यशैली, युवा सोच तथा संगठन के प्रति लंबे समय से निष्ठा और समर्पण के लिए जाने जाते हैं। वे पार्टी की विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिला संगठन का मानना है कि इन दोनों युवा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति से मंडल स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों में नई गति आएगी तथा पार्टी के कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। नई जिम्मेदारी मिलने पर दोनों पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को और मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।

### नर्सिंग की छात्राओं ने किया गौरवान्वित






**मनेन्द्रगढ़।** एके इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग मनेन्द्रगढ़ में संचालित एमएससी नर्सिंग कार्यक्रम की प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों का रिजल्ट घोषित हो गया है। छात्राओं ने सर्वाधिक अंक लाकर नगर को गौरवान्वित किया है। एमएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष में रागनी विश्वकर्मा ने 78.8 प्रतिशत लेकर विशेष योग्यता के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया। वहीं 70.6 प्रतिशत लाकर विनीता राजवाड़े ने द्वितीय एवं 70.5 प्रतिशत लाकर शोभा राय ने तृतीय स्थान अर्जित किया। एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष में गाइनेकोलॉजिकल नर्सिंग में देवेन्द्र कुमारी 71.57 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं रोशनी महारा 65.57 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही। एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग में रागिनी गुप्ता 70.28 प्रतिशत प्राप्त प्रथम स्थान एवं स्मृति गुप्ता 69.42 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान पर रही। एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग में 70 प्रतिशत प्राप्त कर वर्षा गुप्ता प्रथम स्थान एवं 66 प्रतिशत प्राप्त कर प्रिया सिंह द्वितीय स्थान पर रही। इसी तरह एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग में निशा गुप्ता ने 73.71 प्रतिशत अर्जित कर प्रथम स्थान एवं शिल्पा गुप्ता 68.28 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान रही। संस्था का एमएससी

## जिले में बच्चों के स्वास्थ्य भविष्य को सुनिश्चित करने एक सराहनीय पहल

# बाल मधुमेह पर उन्मुखीकरण कार्यशाला



**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**

एमसीबी जिले में बच्चों के स्वास्थ्य भविष्य को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय और सकारात्मक पहल के तहत जिला स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ छग के संयुक्त तत्वावधान में 16-17 मार्च को बाल मधुमेह पर उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह पहल विशेष रूप से टाइप-1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) की समय पर पहचान और बेहतर प्रबंधन के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। कार्यशाला में जिलेभर से आए 130 स्वास्थ्य कर्मियों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं समन्वयकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रतिभागियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति इस महत्वपूर्ण विषय के प्रति उनकी जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को टाइप-1 डायबिटीज के लक्षणों की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार, काउंसलिंग, रोगी सहायता समूहों की भूमिका, मानसिक स्वास्थ्य एवं पारिवारिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। समूह गतिविधियों और अनुभव साझा करने के माध्यम से प्रतिभागियों ने विषय की गहराई से समझ विकसित की, जिससे भविष्य में बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने इस पहल को बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। प्रशिक्षण का संचालन यूनिसेफ की टीम द्वारा स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. राजेन्द्र रॉय, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विनीत, जिला नोडल अधिकारी डॉ. नम्रता चक्रवर्ती सहित अन्य अधिकारियों का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम की निरंतरता में 18 एवं 19 मार्च को जनकपुर एवं मनेन्द्रगढ़ में भी ऐसे ही उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बैकुण्ठपुर। आयुर्वेद विभाग द्वारा 17 मार्च को सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम बसवाही में नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शासकीय आयुर्वेद औषधालय नौगई द्वारा किया गया। उक्त शिविर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.एलवीना ग्रेस टोप्पों के निर्देशन में आयोजित की गई। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. ओमकली सिंह, आयुष चिकित्सक डॉ. सृष्टि गुप्ता, फार्मासिस्ट राजेश विश्वकर्मा, एमपीडब्ल्यू रवि किशन पटेल एवं पीटीएस राकेश कुमार रजक द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं रक्तचाप की जांच की गई। साथ ही मौसमी एवं सामान्य रोगों के उपचार के लिए नि:शुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया, इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, उचित दिनचर्या, ऋतुचर्या तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 44 लाभार्थियों ने आयुष सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

# कोरिया जिले को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में मिला सशक्त प्रतिनिधित्व



- तीन प्रमुख नेताओं की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में में उमंग

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश स्तर पर अपने संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करते हुए कोरिया जिले को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जिले के तीन प्रमुख नेताओं बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल और जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा को प्रदेश कार्यसमिति में महत्वपूर्ण स्थान मिला है। पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वे भाजपा कोरिया जिले के अध्यक्ष भी रह चुके हैं और विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का सफल निर्वहन कर चुके हैं, उन्हें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने से जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। वहीं बैकुंठपुर विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता भईयालाल राजवाड़े को प्रदेश कार्यसमिति का स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। वे पूर्व में छग शासन में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं और लंबे समय से जनसेवा में सक्रिय हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व को इस नियुक्ति के माध्यम से सम्मान मिला है, जिससे कार्यकर्ताओं में ने खुशी जताई है। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा जो एक उभरते हुए युवा और लोकप्रिय नेता हैं, उन्हें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उनकी सक्रियता और जमीनी पकड़ को देखते हुए पार्टी को प्रदेश स्तर पर उनके योगदान से लाभ मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने तीनों नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इन नियुक्तियों से कोरिया जिले के कार्यकर्ताओं में अत्यंत हर्ष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति में जिले का यह सशक्त प्रतिनिधित्व संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगा।

# ब्लॉक कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन








**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। यह कार्यकारिणी संगठन में संतुलन, समावेश और मजबूती का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसमें युवाओं के जोश और वरिष्ठ साथियों के अनुभव का बेहतरीन तालमेल देखने को मिला है। विशेष रूप से 24 वर्ष के युवा से लेकर 62 वर्ष तक के अनुभवी साथियों को जिम्मेदारी दी गई है, इससे संगठन को नई ऊर्जा और सशक्त मार्गदर्शन मिलेगा।

इस नवगठित कार्यकारिणी में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य एवं अल्पसंख्यक वर्ग के साथियों को उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। वहीं महिलाओं को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर कांग्रेस की समावेशी सोच को मजबूती प्रदान की गई है। साथ ही जमीनी स्तर के जनप्रतिनिधियों सरपंच एवं पार्षदों को भी स्थान दिया गया है, जिससे संगठन और जनता के बीच सीधा एवं मजबूत जुड़ाव स्थापित होगा। कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष मो. रमीज रजा को बनाया गया है। इसी तरह उपाध्यक्ष गिरधर जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, मो. इमरान खान, दीपक सिंह, राशिद अली, देव कुमार सिंह, महामंत्री मो. सईद, राजेश खोपरागढ़े, शोभना वर्मा, अनिल केरकेट्टा, खोनेश्वर प्रसाद, स्नेहिल शुक्ला, रंजीत सिंह रैना, रंजन शर्मा, तथा सचिव मो. सफी, गुलबशिया, मोहिनी महतो, सितेश्वर सिंह, अर्जुन सिंह, अजीत सिंह, गुलाम असगर, शुभम सिंह, नंद किशोर, संजय यादव को जगह दी गई है। कार्यकारिणी सदस्य में अनूज कुमार, धर्मपाल सिंह, हर्ष खटिक, विनोद जांगड़े, रामाकांत सिंह, प्रदीप सोनी को मौका मिला है। ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने कहा कि यह कार्यकारिणी हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए युवाओं, अनुभवी साथियों एवं जनप्रतिनिधियों के संतुलन से तैयार की गई है, जिससे संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा आने वाले समय में जनहित के मुद्दों पर प्रभावी संघर्ष किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने विश्वास जताया कि यह नई टीम बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करेगी और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएगी। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है और यह कार्यकारिणी उसी समावेशी सोच का उदाहरण है। विधायक प्रत्याशी रमेश सिंह ने कहा कि युवाओं, महिलाओं एवं जनप्रतिनिधियों को मिला अवसर संगठन में नई ऊर्जा और मजबूती का संचार करेगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि सरपंच, पार्षद एवं जमीनी कार्यकर्ताओं को संगठन में स्थान देने से कांग्रेस का जनाधार और अधिक मजबूत होगा तथा गांव-गांव तक संगठन की पकड़ सुदृढ़ होगी। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि युवाओं को जिम्मेदारी देना कांग्रेस की पहचान है, जिससे भविष्य का नेतृत्व तैयार होता है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल ने कहा कि महिलाओं और जमीनी जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से संगठन और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनेगा।

### महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिल रहा संबल



बैकुण्ठपुर। महतारी वंदन योजना का लाभ लेकर ग्रामीण महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। योजना के तहत मिलने वाली मासिक सहायता राशि का उपयोग महिलाएं अपनी आवश्यकताओं के साथ-साथ कृषि और बच्चों की शिक्षा में कर रही हैं। ग्राम डुमरिया निवासी 36 वर्षीय श्रीमती बाबी राजवाड़े जो पेशे से किसान हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें हर माह मिलने वाली 1000 रूपए की राशि अब खेती-किसानी के कार्यों में उपयोगी साबित हो रही है, इससे उन्हें बीज, खाद और अन्य कृषि जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल रही है। इसी तरह ग्राम आमापारा की 32 वर्षीय श्रीमती सुंदरी पैकरा इस योजना से प्राप्त राशि का उपयोग अपने बच्चों की पढ़ाई में कर रही हैं। उनका कहना है कि इस सहायता से बच्चों की शैक्षणिक जरूरतों को पूरा करना पहले की तुलना में आसान हुआ है। महिलाओं ने बताया कि पहले छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी उन्हें कई बार सोचना पड़ता था, लेकिन अब इस योजना ने उनकी आर्थिक स्थिति को कुछ हद तक मजबूत किया है।

## बढ़ती गर्मी के मद्देनजर अस्पतालों में किया गया अग्नि सुरक्षा का पूर्वाभ्यास



**सूरजपुर।** गर्मी के मौसम में अग्नि दुर्घटनाओं की बढ़ती आशंका को देखते हुए जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करसी एवं एसआरपीआर हॉस्पिटल में अग्नि सुरक्षा उपकरणों के संचालन का व्यावहारिक डेमो आयोजित किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान संबंधित विशेषज्ञों द्वारा अग्निशमन उपकरणों की प्रचलन विधि को विस्तार से समझाया गया तथा आग लगने की स्थिति में की जाने वाली त्वरित कार्रवाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। तीनों स्वास्थ्य संस्थानों में उपस्थित चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों ने इस डेमो में सक्रिय रूप से भाग लिया और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता हासिल की। उल्लेखनीय है कि अस्पताल जैसी संवेदनशील इमारतों में मरीजों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि होती है। ऐसे में गर्मी के मौसम से पूर्व इस प्रकार का प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अभियान का उद्देश्य आपात स्थिति में अस्पताल का प्रत्येक कर्मचारी आग को नियंत्रित करने में सक्षम हो और किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

# बाल विवाह मुक्त बनाने कलेक्टर ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी




**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

जिले को सामाजिक कुरूतियों से मुक्त कराने और बच्चों के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। बाल विवाह मुक्त राष्टीय अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त रथ रवाना किया गया। कलेक्टरेट परिसर से जागरूकता रथ को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण एवं शहरी अंचल के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि बाल विवाह न केवल एक कानूनी अपराध है बल्कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है। यह रथ जिले के दुरस्थ गांवों एवं पंचायतों में जाकर ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं संबंधित कानून के प्रति जागरूकता करेगा। रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार के जरिए लोगों को बाल विवाह मुक्त कोरिया बनाने का संदेश दिया जाएगा। रथ के माध्यम से लोगों को अवगत कराया जाएगा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह करने व शमिल होने पर 2 वर्ष का कठोर कारावास व 1 लाख का जुमार्ना भी हो सकता है। बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत चाईल्ड हेल्पलाईन टोल फी नंबर 1098 या स्थानीय पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं महिला बाल विकास विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गिरने से गंभीर वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** प्रेम नगर अंतर्गत ग्राम नमना निवासी विद्रा बाई पति स्व. अमर लाल (60 वर्ष) 16 मार्च की शाम परिवार वालो के साथ घर के परछी में भोजन बना रही थी। इसी दौरान वृद्धा बाहर से आने की बात कहकर निकली और जैसे ही घर से कूछ दूर पहुंची तभी अचानक गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने शव को फेंका डबरी में, चार आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर**



शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आपसी विवाद में आरोपी ने पहले युवक की हत्या की और फिर अपने साले के साथ मिलकर युवक के शव को डबरी में फेंक दिया। इतना ही नहीं अपने बेटे के अपराध को छिपाने और साक्ष्य छिपाने के लिए आरोपी के माता-पिता ने घर में गिरे खून को साफ करने के साथ ही गोबर से लिपाई कर दी।

बता दें कि उदयपुर विकासखंड के हनुमानगढ़ निवासी शीतल कुमार का शव 16 मार्च को थाना क्षेत्र के पोतका में एक डबरी में मिला था। इस मामले में मृतक के भाई मनोज कुमार ने पुलिस को घटना की सूचना दी थी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई थी कि मृतक शीतल कुमार 15 मार्च को अपने दोस्त टेकराम के साथ बाइक से पोतका निवासी दिनेश कुमार के घर शादी कार्यक्रम में आया हुआ था और उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा व पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही जांच शुरू कर दी थी। पीएम रिपोर्ट में युवक की मौत मारपीट से होने की पुष्टि होने के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान डबरी के बगल में जूट का खून लगा हुआ बोरा, मोबाइल फोन और गमछा पड़ा हुआ मिला था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 11 सूत्रीय मांगों...

और उग्र किया जाएगा। इस प्रदर्शन में जिले के विभिन्न विभागों के कर्मचारी-अधिकारी एवं फेडरेशन के पदाधिकारी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### सीएम के नाम...

\को लेकर निराशा बढ़ रही है, ऐसे में शासन को जल्द निर्णय लेना चाहिए। प्रांतीय कार्यालयीन सचिव दीपक कुमार साहू ने जानकारी दी कि प्रमुख मांगों में महंगाई भत्ता, एरियर्स का भुगतान, समयमान वेतनमान की स्वीकृति, अर्जित अवकाश, नगदीकरण तथा संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी मांगे लंबे समय से लंबित हैं और कर्मचारियों के हित में इनका शीघ्र निराकरण आवश्यक है। फेडरेशन ने शासन से अपेक्षा जताई है कि कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी काफी उपस्थित रहे।

### खदानों के बंद...

पहुंच पाई है। पीने योग्य पानी के अभाव के कारण पीलिया, मलेरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियां फैल रही हैं। बीते वर्ष छोटाबाजार इलाके में दूषित पानी की आपूर्ति से सैकड़ों लोग पीलिया की चपेट में आ गए थे। एसईसीएल की कॉलोनियों में गंदगी का आलम है। साफ-सफाई की कमी के चलते उल्टी-दस्त, बुखार और पीलिया जैसी बीमारियां फैलीं, जिससे तीन युवाओं की मौत तक हो चुकी है। वहीं चिरमिरी की अधिकांश सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, रेल सुविधाएं भी पर्याप्त नहीं हैं, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। क्षेत्र में उच्च शिक्षा के संस्थानों की भारी कमी है। स्थानीय लोगों की मांग है कि यहां डीपीएस, इंजीनियरिंग कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज जैसे संस्थान खोले जाएं, ताकि छात्रों को पढ़ाई के लिए बाहर न जाना पड़े, इसके अलावा जिले में व्यावसायिक परीक्षा मंडल का परीक्षा केन्द्र नहीं होने के कारण छात्रों को अन्य शहरों की ओर रूख करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते बुनियादी सुविधाओं में सुधार और शिक्षा व रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं कराए गए, तो क्षेत्र का भविष्य और अधिक संकट में पड़ सकता है।

### चादर और फादर...

हाथ खड़े कर लिए। डॉ. प्रेमासाई ने भावुक होकर कहा, श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए हमने स्वयं जिम्मेदारी संभाली। हजारों लोगों के भोजन और अन्य व्यवस्थाओं पर अब तक संस्थान की ओर से 6.50 लाख खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका दरबार पूर्णतः नि:शुल्क और नि:स्वार्थ भाव से केवल जन-कल्याण के लिए लगता है। धार्मिक विसंगतियों पर प्रहार करते हुए डॉ. महाराज ने कहा कि चादर और फादर धर्मांतरण की शक्तियों से सनातन की रक्षा करना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**वाड्रफनगर।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु पीएमश्री विद्यालय के विद्यार्थियों ने शक्कर कारखाना, केरता का भ्रमण कर शक्कर बनने की प्रक्रिया का अवलोकन किया साथ ही गन्ने के कचरे से बिजली उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में जाना। इस दौरान विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केन्द्र अम्बिकापुर का भ्रमण कर जैविक खेती, जैविक खाद, पशुपालन, मतस्य पालन व मशरूम उत्पादन आदि की जानकारी ली। संजय पार्क का भ्रमण कर विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के जीव-जंतुओं को देखा और उनके संरक्षण के बारे में जाना। विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग कॉलेज का भ्रमण कर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश संबंधी जानकारी ली।

## बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान

**राजपुर।** मंगलवार को जनपद पंचायात सभाकक्ष में उपाध्यक्ष शिक्षा स्थायी समिति के उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में शिक्षा स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता एवं परीक्षा परिणामों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान विकास खण्ड स्तर पर शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं संस्था प्रमुखों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

विशेष रूप से प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा उत्कृष्ट परिणाम देने वाले प्राचार्यों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षा सत्र 2026 के परिणामों की तैयारी, विद्यालयों की भूमि सीमांकन, छात्रों की उपस्थिति, साइकिल वितरण एवं छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं की समीक्षा की गई। जिन कार्यों में प्रगति अधूरी है, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि समिति की बैठक अब प्रत्येक तीन माह में नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को विकास खण्ड स्तर पर भव्य रूप से मनाने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का भी प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। इस दौरान बीईओ अरविन्द गुप्ता, एबीईओ जेआर नागदेव सहित शासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधान पाठक उपस्थित रहे।

